सागर, आचरण। महाराजा छत्रसाल वि.वि. छतरपुर में 10, 11 एवं 12 नवम्बर को अंतरजिला वि.वि. स्तर युवा उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें सागर जिला ने 11 में प्रथम, 3 में द्वितीय एवं 2 में तृतीय स्थान प्राप्त कर विजय पताका फहराई। विजेता छात्राओं एवं छात्रों को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि आप सब के प्रयास सार्थक हुए हैं एवं परिश्रम का सुफल प्राप्त हुआ है। इस परिश्रम को निरंतरता प्रदान कर राज्य स्तर पर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सागर का नाम प्रतिस्थापित कीजिए। इसके लिए मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूँ। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी बेटियाँ हमारी शान हैं और उन्होंने 9 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे संभाग में एक महाविद्यालय द्वारा 9 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर युवा उत्सव समिति के सदस्य डॉ. निशा इन्द्र गुरू, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. अरविंद बोहरे, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ. हरिओम सोनी, डॉ. शीतांशु राजौरिया, डॉ. श्वेता ओझा, आशीष रैकवार एवं डॉ. सुनीत श्रीवास्तव, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. नरेन्द्र सिंह ठाकुर, डॉ. संजय खरे, डॉ. राजकुमार अहिरवार, डॉ. प्रहलाद अहिरवार, कु. शुभांजली रैकवार, कु. प्रगति बिल्थरे, कु. दीपिका सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


चंद्रप्रकाश पाल, आकाश चंचल, विनोद अग्निहोत्री, बसंत दुबे मौजूद थे।

# दैनिक भास्कर

## अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव में सागर जिला बना चैंपियन



भास्कर संवाददाता | सागर

महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर में 10 से 12 नवम्बर तक अंतर जिला विश्वविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सागर ने 11 विधाओं में प्रथम, 3 में द्वितीय एवं दो विधाओं में तृतीय स्थान प्राप्त कर विजय पताका फहराई। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि आप सब के प्रयास सार्थक हुए हैं और परिश्रम का फल प्राप्त हुआ है। इस परिश्रम को निरंतरता प्रदान कर राज्य स्तर पर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सागर का नाम रोशन करें। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी बेटियां हमारी शान हैं और उन्होंने 9 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे संभाग में एक महाविद्यालय द्वारा 9 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। एकांकी विधा में शिवानी रजक, मोहनी पटैल, योगिता पटेल अंजली रजक, उमा पटैल, रिमी जैन, काजल जैन एवं शुभि जैन प्रथम रही। स्किट में रिमी जैन, शिवानी रजक, मोहिनी पटेल अंजली रजक, काजल जैन प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य में रिया साहू, रूची चौबे, भावना मिश्रा, राजेश्वरी अहिरवार, सपना प्रजापति, नेहा सेन, अमरीन खान एवं शिवानी सोनी प्रथम रही। समूह गायन पाश्चात्य में हर्षिता खटीक, अमरीन खान, ऐश्वर्या दुबे, शालिनी दुबे, तृप्ति यादव, नैंसी यादव प्रथम रही। रंगोली में शालिनी सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल शास्त्रीय गायन में ऐश्वर्या दुबे प्रथम रही। कार्टूनिंग में आस्था जैन प्रथम। एकल नृत्य शास्त्रीय में नंदनी केसरवानी प्रथम रही। वाद-विवाद विपक्ष में हार्दिक जैन प्रथम रहे। प्रश्न मंच में विष्णु अहिरवार, मनोज चौधरी, आदित्य गुप्ता प्रथम रहे। समूह गायन भारतीय में आयुषी कुशवाहा, हर्षिता खटीक, नैन्सी यादव, तृप्ति यादव, रुचि चौबे एवं आस्था लाहरिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में रोहित राजपूत, कोलाज, सोनम पटेल दूसरे स्थान पर रही। स्पॉट पेंटिंग में विशाल सिंह दांगी तीसरे स्थान पर रहे। वाद विवाद पक्ष में साहिल रावत तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


प्रवेश संवाद

## धर्म और समाज

अंतरजिला विश्वविद्यालय स्तर युवा उत्सव : सागर जिला ओवरऑल चैम्पियन

# सागर जिले के महाविद्यालयों ने 11 में पहला, 3 में दूसरा और 2 प्रतियोगिताओं में तीसरा स्थान हासिल किया

**प्रवेश संवाद ✧ सागर**



महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय छतरपुर में तीन दिवसीय अंतरजिला विश्वविद्यालय स्तर युवा उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजित हुई 22 विधाओं में सागर जिले ने 11 में पहला, 3 में दूसरा और 2 प्रतियोगिताओं में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। सबसे ज्यादा विधाओं में पहला स्थान प्राप्त करने के बाद सागर जिला प्रतियोगिता में ओवरऑल चैम्पियन बना। सागर जिले से विजेता रहे प्रतिभागियों में 9 प्रतिभागी कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय के हैं। जिन्होंने एकांकी, स्किट, सामूहिक नृत्य, सामूहिक गायन पाश्चात्य, रंगोली और शास्त्रीय गायन जैसी प्रतियोगिताओं मंस पहला स्थान हासिल किया है। इन विजेताओं के सम्मान के लिए बुधवार को कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने बधाई देते हुए कहा कि आप सब के प्रयास सार्थक हुए हैं एवं परिश्रम का सुफल प्राप्त हुआ है। इस परिश्रम को निरंतरता प्रदान कर राज्य स्तर पर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सागर का नाम प्रतिस्थापित कीजिए। इसके लिए मैं आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। वहीं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि हमारी बेटियां हमारी शान हैं और उन्होंने 9 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पूरे संभाग में एक महाविद्यालय द्वारा 9 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करना हमारे लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस अवसर पर युवा उत्सव समिति के सदस्य डॉ. सुनीत श्रीवास्तव, डॉ. निशा इन्द्र गुरू, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. अरविंद बोहरे, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ. हरिओम सोनी, डॉ. शीतांषु राजौरिया, डॉ. श्वेता ओझा, आशीष रैकवार आदि उपस्थित रहे। इन विधाओं में गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं रहीं अव्वल एकांकी, स्किट, समूह नृत्य, समूह गायन पाश्चात्य में शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर की छात्राओं ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं रंगोली में शालिनी सेन, एकल गायन शास्त्रीय व एकल गायन सुगम में ऐश्वर्या दुबे, कार्टूनिंग में आस्था जैन, एकल नृत्य शास्त्रीय नंदनी केशरवानी विजेता रहीं। इसके अलावा सागर जिले के महाविद्यालयों न वाद-विवाद, प्रश्न मंच, समूह गायन भारतीय, पोस्टर निर्माण, कोलाज, स्पॉट पेंटिंग में भी स्थान प्राप्त किया।











GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# WRESTLING CAMP (21 DAYS)
# DATE : 10.11.2022 TO 05.12.2022





# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com



कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर

RE ACCREDITED BY NAAC "A

Office Phone/Fax - 07582-404480 Email - heggpgcsag@mp.gov.in


क्रमांक 2098 /2022 सागर दिनांक 4/11/2022

प्रति,

श्री आनंद विश्वकर्मा
अध्यक्ष, जिला कुश्ती संघ
सागर (म.प्र.)

विषय – 21 दिवसीय कुश्ती शिविर हेतु प्रशिक्षण उपलब्ध कराने बावत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं हेतु दिनांक 10.11.2022 से कुश्ती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अतः आप अपने संघ के पंजीकृत 01 प्रशिक्षक को महाविद्यालयीन छात्राओं को कुश्ती प्रशिक्षण देने हेतु दिनांक 10.11.2022 से प्रातः 9:00 बजे से उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

प्रशिक्षक को नियमानुसार मानदेय देय होगा।

(डॉ मोनिका हर्डीकर)
क्रीड़ा अधिकारी
क्रीड़ा अधिकारी शास.कन्या स्वशासी स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

(डॉ इला तिवारी)
प्राचार्य
प्राचार्य शास.कन्या स्वशासी स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

पंजीयन क्र 06/09/01/11754

## सागर जिला कुश्ती संघ, सागर

मुख्य कार्यालय : बरियाघाट वार्ड, सागर (म.प्र.)

(सम्बद्ध - भारतीय कुश्ती महासंघ एवं म.प्र. ओलंपिक संघ)


अध्यक्ष
आनंद विश्वकर्मा
बरियाघाट वार्ड, सागर
मो. 9302910887

सचिव
मनीष यादव
ग्राम कुड़ारी - सागर
मो. 9753719117


क्र. SJKS/जा/0238 दिनांक. 8.11.22

प्रति,

श्रीमान प्राचार्य महोदय

शासकीय कन्या महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

विषय :- 21 दिवसीय कुश्ती शिविर हेतु प्रशिक्षक उपलब्ध बावत

उपरोक्त विषयांतर्गत आपके कन्या महाविद्यालय की छात्राओं के 21 दिवसीय कुश्ती प्रशिक्षण शिविर हेतु पत्र प्राप्त हुआ क्र./2098/2022 दिनांक 4/11/22 को जिसमें 10 नवंबर से महाविद्यालय के कुश्ती प्रशिक्षण हेतु सागर जिला कुश्ती संघ की ओर से जय श्री राठौर (महिला कुश्ती) को छात्राओं को कुश्ती प्रशिक्षण हेतु 10/11/22 से भेजा जा रहा है।

अतः नियम अनुसार मानदेय प्रदान करें।

सचिव

# WRESTLING CAMP (15 DAYS)
# DATE : 20.09.2022 TO 07.10.2022





# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


## CRICKET CAMP (15 DAYS)
## DATE : 05.12.2022 TO 21.12.2022

कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर

Office Phone/Fax - 07582-404480 RE ACCREDITED BY NAAC "A
Email - heggpgcsag@mp.gov.in

क्रमांक/2356/2022 सागर दिनांक 01/12/2022

प्रति,

श्री सोनू बाल्मिकी
गौर क्रिकेट क्लब/अकादमी अशोक रोड
कैंट सागर (म.प्र.)

विषय – 15 दिवसीय क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर बावत्।

उपरोक्त विषयांतर्गत महाविद्यालय की छात्राओं हेतु दिनांक 05.12.2022 से 15 दिवसीय क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालयीन छात्राओं को आप की सहमति के अनुसार दिनांक 5.12.2022 से प्रातः 8:00 बजे से 12.00 बजे तक क्रिकेट प्रशिक्षण देने हेतु आप के गौर क्रिकेट क्लब भेजा जा रहा हैं आप को नियमानुसार मानदेय प्रति दिन रु 500/– के हिसाब से देय होगा।

(डॉ मोनिका हर्डीकर)
क्रीडा अधिकारी
शास. कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

(डॉ इला तिवारी)
प्राचार्य
शास. कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# SWASTHA PARISKSHAN & JAGRUKTA SHIVIR

## DATE : 14.03.2023



# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


# WRESTLING CAMP (15 DAYS)

## DATE : 29.11.2021 TO 15.12.2021

पंजीयन क्र : 06/09/01/11754

### सागर जिला कुश्ती संघ , सागर


अध्यक्ष
आंनद विश्वकर्मा
बरियाघाट वार्ड, सागर
मो. 9302910887

मुख्य कार्यालय : बरियाघाट वार्ड, सागर (म.प्र.)
( सम्बद्ध - भारतीय कुश्ती महासंघ एवं म.प्र. ओलंपिक संघ)

सचिव
मनीष यादव
ग्राम कुदारी - साग
मो. 975371911


प्रति,

प्राचार्य, डॉ. इला तिवारी
शासकीय उत्कृष्ट कन्या महाविद्यालय
सागर (म.प्र.)

विषय :- कुश्ती प्रशिक्षण शिविर हेतु प्रशिक्षक बावत

विषय यह है कि आपके महाविद्यालय द्वारा सागर जिला कुश्ती संघ से पत्र क्र 1649 दिनांक 27/11/2021 के माध्यम से कुश्ती प्रशिक्षण शिविर हेतु प्रशिक्षक की उपलब्धता हेतु हमारे कुश्ती संघ से प्रशिक्षक जय श्री राठौर (कुश्ती महिला कोच) जिसे 15 दिवस के लिए भेजा जा रहा है, अतः प्रशिक्षक को नियमानुसार मानदेय प्रदाय करने का कष्ट करें।

धन्यवाद

दिनांक :- 29/11/21

Dr. M. Hardikar

सचिव

1047
29/11/21

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


## vkRej{kk f'kfoj ¼djkr½

सागर, शासन के निर्देशानुसार शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर की छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना हैं, आदेश के परिपालन में महाविद्यालय की छात्राओं को दिनॉक 04.12..2021 से 15 दिवसीय आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण श्री सोहिल खान द्वारा दिया जा रहा है, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ इला तिवारी ने बताया कि छात्राओ के लिए आत्मरक्षा शिविर छात्राओ के लिए बहुत आवश्यक हैं, इस प्रशिक्षण के द्वारा छात्राऐं शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत होगी, इसके साथ ही महाविद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्रति वर्ष 2006 से लगातार दो चरणों में दिया जाता रहा है। महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मोनिका हर्डीकर एवं सुश्री कीर्तिका ठाकुर के संयोजन से यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में 100 से अधिक छात्राओं ने अपना पंजीयन करवाया है। इस शिविर के उपरांत पुनः शिविर का आयोजन फरवरी माह में किया जावेंगा। महाविद्यालय में प्रशिक्षण से प्रति वर्ष अधिक संख्या में छात्राऐं लाभान्वित हो रही है।

PRINCIPAL
Govt. P.G. Girls College
SAGAR (M.P.)

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# KARATE CAMP (15 DAYS)
# DATE : 04.12.2021 TO 22.12.2021

# ATMARAKSH SHIVIR (15 DAYS)








Shot on vivo S1
AI Triple Camera




Shot on vivo S1
AI Triple Camera

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


आचरण 2 दिस. 21



सागर, आचरण। शासन के निर्देशानुसार शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर की छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण दिया जाना हैं, आदेश के परिपालन में महाविद्यालय की छात्राओं को 04 दिसम्बर 2021 से 15 दिवसीय आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण सोहिल खान द्वारा दिया जा रहा है, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉं इला तिवारी ने बताया कि छात्राओ के लिए आत्मरक्षा शिविर छात्राओं के लिए बहुत आवश्यक हैं, इस प्रशिक्षण के द्वारा छात्राऐं शारिरिक व मानसिक रूप से मजबूत होगी, इसके साथ ही महाविद्यालय में छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण प्रति वर्ष 2006 से लगातार दो चरणों में दिया जाता रहा है। महाविद्यालय की क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मोनिका हर्डीकर एवं सुश्री कीर्तिका ठाकुर के संयोजन से यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में 100 से अधिक छात्राओं ने अपना पंजीयन करवाया है। इस शिविर के उपरांत पुनः शिविर का आयोजन फरवरी माह में किया जावेगा। महाविद्यालय में प्रशिक्षण से प्रति वर्ष अधिक संख्या में छात्राओं लाभान्वित हो रही हैं।

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


# JUDO CAMP (15 DAYS)
## DATE : 06.12.2021 TO 21.12.2021








15 दिवसीय जूडो प्रशिक्षण शिविर




शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर
15 दिवसीय जूडो प्रशिक्षण शिविर


शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर
15 दिवसीय जूडो प्रशिक्षण शिविर


शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर
15 दिवसीय जूडो प्रशिक्षण शिविर

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


## dU;k egkfo|ky; e fgUnh fnol d miy{; e fuca/k ifr;ksxrk

सागर दिनाक 16 सितंबर 2022, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हिन्दी सप्ताह दिनांक 14 से 20 सितंबर के अंतर्गत ''मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्त्तव्यों में अर्न्तसंबंध'' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 58 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महाविद्यालय की प्राचार्य ड़ॉ. इला तिवारी ने छात्राओं के उत्साह की सराहना करते हुये कहा कि हिन्दी भाषा के ज्ञान का संवर्धन करना आवश्यक है, यह राष्ट्र की आत्मा है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अंशु सोनी ने कहा कि हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है, हिन्दी का उपयोग हमें अपने दैनिक जीवन में शुद्ध और रचनात्मक रूप से करना होगा तभी हिन्दी का विकास होगा। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. सुनीता त्रिपाठी प्राध्यापक, डॉ. रजनी दुबे प्राध्यापक एवं डॉ. संजय खरे सह प्राध्यपक ने निभायी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. साक्षी गौड बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कु. रिया राजपूत बी.ए. द्वितीय वर्ष तथा कु. श्रुति कोरी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान कु. हिमानी नामदेव बी.काम. तृतीय वर्ष तथा कु. टीना परिहार बी.ए. द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. सुनील श्रीवास्तव, डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव, डॉ. शक्ति जैन, डॉ. एस.के. गुप्ता, डॉ. प्रहलाद अहिरवार, श्रीमती अर्चना जैन, श्री शैलेन्द्र पटैल, श्री दिनेश पाण्डेय सहित अधिक संख्या में छात्रायें उपस्थित थीं।

PRINCIPAL
Govt. P.G. Girls College
SAGAR (M.P.)

# HINDI SAPTAH



# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

## CERTIFICATE COURSE 30 HRS. : BEAUTY CARE

## DATE : 27.12.2021 to 14.01.2022






# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


## CIRCULAR OF TRAINING PROGRAMME


कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर

Office Phone/Fax - 07582-223573 (R) 07582-236114 Email heggpgcsag.mp.gov.


क्र. 2657/22 सागर, दिनांक 07/03/2022

### आदेश

स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ योजना के अंतर्गत महाविद्यालय में छात्राओं के लिये 06 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी- प्रशिक्षण निम्न विषयों पर कराने हेतु निम्न समन्वयक नियुक्त किये जाते हैं। एवं समन्वयक आवंटित अवधि में प्रशिक्षण प्रारम्भ करायें।

| क्र | समन्वयक | प्रशिक्षण / विषय | समयावधि | दिनाँक | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डॉ. रेणुवाला शर्मा डॉ० रश्मि मल्होत्रा | पाक कला | 06 | 07.03.22 से 12.03.22 | |
| 2 | डॉ. दीपा खटीक | सोप मेंकिंग | 06 | 07.03.22 से 12.03.22 | 07/03 |
| 3 | डॉ. डॉ. रजनी दुबे | इकोफ्रेंडली आइटम | 06 | 07.03.22 से 12.03.22 | 07/3/2022 |
| 4 | डॉ. अंजना चतुर्वेदी | फाइन आर्ट | 06 | 07.03.22 से 12.03.22 | |
| 5 | डॉ. रश्मि दुबे | बुटीक | 06 | 07.03.22 से 12.03.22 | |

(डॉ प्रतिमा खरें)
प्रभारी स्वामी विवेकानंद
कॅरियर मार्गदर्शन योजना सागर
प्रभारी
श्री स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ
शासकीय कन्या स्वशासी स्नातकोत्तर
उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सागर (म. प्र.)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सागर (म० प्र०)

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

## Govt. Auto. Girls P.G. College of Excellence, Sagar (M.P.)

Reaccredited "A" By NAAC with CGPA 3.02/4.00

30 Hours Certificate Course in

## BEAUTY CARE

"Under the aegis of IQAC"

*Certificate*

*This is to certify that*

........................................................................................................

........................................................................................................

*has Participated and successfully Completed*

*30 hrs certificate course in Beauty Care*

*held from 27th December 2021 to 14th January 2022*

| Dr. Bhawan Ramaiya | Dr. Anjana Nema | Prof Naveen Gideon | Dr. Ela Tiwari |
|---|---|---|---|
| Course Co Co-ordinator | Course Co-ordinator | NACC Co-ordinator | Patron/Principal |

# PHOTOGRAPHS OF TRAINING PROGRAMME






















INSTRUMENTS
CHAMBER


CHAMBER
INCUBATOR










INSTRUMENTS CHAMBER
INCUBATOR




PRAWN CULTURE

GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)


# One Week Workshop on Career Guidance

# (Pratiyogi Pariksha Ki Taiyari)



आयोजन समिति

- डॉ. प्रतिमा खरे
- डॉ. रश्मि दुबे
- डॉ. सुनीता त्रिपाठी
- डॉ. अंजना चतुर्वेदी
- डॉ. आर. सी. प्रजापति

सलाहकार समिति

- डॉ. सुनील श्रीवास्तव
- डॉ. रेणुवाला शर्मा
- डॉ. सुनीता सिंह
- डॉ. एम.एम.चौकसे

सम्पर्क - 9406948568, 9425655854, 9425452494

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय सागर (म.प्र.)

नेक द्वारा ''ए'' ग्रेड प्राप्त

म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना (MPHEQIP) अंतर्गत्

राष्ट्रीय कार्यशाला

(ऑनलाइन एवं ऑफलाइन)

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी : चुनौतियाँ एवं समाधान

समय : दोपहर 2.00 से 5.00 बजे तक

दिनांक : 20.12.2022 से 26.12.2022 तक

IQAC के तत्वाधान में

संरक्षक
डॉ. इला तिवारी
प्राचार्य

समन्वयक
प्रो. आनंद तिवारी
प्राध्यापक-वाणिज्य विभाग
प्रभारी IQAC

सह समन्वयक
डॉ. संजय खरे
सह प्राध्यापक
समाजकार्य विभाग

आयोजन सचिव
ले. डॉ. अंशु सोनी
सह. प्राध्यापक
राजनीतिविज्ञान विभाग

:: आयोजन स्थल ::

सेमीनार हॉल -01, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)

नोट-पंजीयन नि:शुल्क

## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी : चुनौतियाँ एवं समाधान

वर्तमान समय में प्रतिस्पर्धा निरंतर बढती जा रही है, किसी भी क्षेत्र में प्रवेश प्राप्त करने के लिए, सरकारी नौकरी प्राप्त करने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से गुजरना पड़ता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में भी प्रतिस्पर्धा निरंतर बढती जा रही है। छात्र-छात्रायें अपने बेहतर भविष्य, अच्छे कैरियर के लिए लगन के साथ कठिन परिश्रम करते हैं परंतु सफलता कुछ को ही प्राप्त होती है। हम अक्सर देखते-सुनते हैं कि वर्षों से किसी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र का चयन नहीं हो पाता वहीं किसी छात्र को प्रथम प्रयास में ही सफलता मिल जाती है। निश्चित ही प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी स्कूल-कॉलेज की परीक्षा से भिन्न होती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कठिन परिश्रम, लगन के साथ ही सही मार्गदर्शन, सही रणनीति की भी महत्वपूर्ण आवश्यकता होती है। आज उच्च वर्ग के साथ न केवल शहरी क्षेत्र के वरन ग्रामीण क्षेत्रों के भी निम्न मध्यम वर्गीय, निम्न वर्गीय, छात्र-छात्रायें सरकारी नौकरी प्राप्त करने के लिए प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

किन्तु उनके मन में हमेशा यह भटकाव होता है कि उन्हें किस क्षेत्र में जाना है, किस प्रकार प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी होगी, परीक्षा का पैटर्न कैसा होगा। पाठ्यक्रम के साथ समय प्रबंधन किस प्रकार होगा आदि विभिन्न प्रश्न छात्रों के मन में होते हैं जिनका उचित समाधान प्रस्तुत करने के लिए ''प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी : चुनौतियाँ एवं समाधान'' जैसे महत्वपूर्ण समसामयिक विषय पर 07 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है जिसमें हमारा प्रयास छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे - यू.पी.एस.सी., एम.पी.पी.एस.सी., एस.एस.सी., नेट, स्लेट परीक्षा, रेल्वे भर्ती परीक्षा, बैंक भर्ती परीक्षा, पुलिस भर्ती परीक्षा, सेना में भर्ती परीक्षा-एन.डी.ए., सी.डी.एस., सी.आर.पी.एफ., एस.एस.बी., बी.एस.एफ., अग्निवीर तथा एम.पी.पी.ई.बी.द्वारा आयोजित अन्य परीक्षाओं की समुचित जानकारी देना तथा विद्यार्थियों की प्रतियोगी परीक्षा संबंधी आशंकाओं का समाधान करना है। हमारा प्रयास छात्र-छात्राओं को सफलता हेतु सही रणनीति बनाकर सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रोत्साहित करना है।









# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com




एक नजर में

नवभारत



## प्रबंधन ही व्यवसाय की समस्याओं का समाधान

**सागर.** शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में डॉ. असफाक सिद्दीकी ने कहा कि नए व्यवसाय के लिए एक निश्चित नीति, समय प्रबंधन एवं व्यवहारिक कार्य क्षमता होना आवश्यक है. आलोक सिंह ठाकुर ने शासकीय क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी. प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि जो किताबी ज्ञान है उसे महज ज्ञान न समझें, वरन् उसे अपने जीवन में उतारें. डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि रटकर, समझकर एवं अभ्यास करके ही आगे बढ़ सकते हैं. सह–समन्वयक डॉ. संजय खरे ने संचालन किया. आभार सचिव डॉ. अंशु सोनी ने माना.




प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी चुनौतियां एवं समाधान विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला

## प्रबंधन ही व्यवसाय की समस्याओं का समाधान है : डॉ. सिद्दीकी



**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**सागर.** गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, चुनौतियां एवं समाधान विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के तृतीय दिवस के प्रथम सत्र में मुख्य वक्ता इन्फिनिटी कॉलेज के डॉ. अश्फाक सिद्दीकी ने व्यवसायिक प्रबंधन के क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी।

नए व्यवसाय के लिए एक निश्चित नीति, समय प्रबंधन एवं व्यवहारिक कार्य क्षमता होना आवश्यक है। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता आलोक सिंह ठाकुर ने कहा किं वर्तमान में अवसरों की कमी और चाहने वाले लोग ज्यादा हैं, इसलिए प्रतिस्पर्धा कठिन हो गई है। अतः आप अपनी क्षमताओं को पहचाने व लक्ष्य निर्धारित करें, जीवन में कुछ भी असम्भव नहीं है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि जो किताबी ज्ञान है उसे महज ज्ञान न समझें, बल्कि उसे अपने जीवन में उतारें। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता कर रही डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि रटकर, समझकर एवं अभ्यास करके ही आगे बढ़ सकते हैं। कार्यशाला सह-समंवयक डॉ. संजय खरे ने कहा कि तभी तक कठिनाई है, जब तक कि जानकारी का अभाव हो। यह कार्यशाला आपकी इस समस्या का समाधान करेगी। आभार आयोजन सचिव डॉ. अंशु सोनी ने माना।

# GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)

(NAAC 'A' Grade Accredited)

07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com


## प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए एनसीईआरटी की किताबों को पढ़ने और नोट्स बनाने की आदत भी डालें : शुक्ला

भास्कर संवाददाता | सागर

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, चुनौतियां एवं समाधान विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने प्रतिभागियों को यूपीएससी की तैयारी के लिए विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा एनसीईआरटी किताबों को पढ़ने एवं नोट्स बनाने की आदत बनाएं। साथ ही कहा कि एक औसत दर्जे का विद्यार्थी भी अपनी लगन, आत्मविश्वास एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। विशिष्ट अतिथि कमलेश मनरेगे ने प्रतिभागियों को सफलता के लिए ड्यूटी, डेडीकेशन एवं डिसिप्लिन का अनुसरण करने की बात कही। अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि सफलता उसी को मिलती है, जिसने अपने आपको उसके काबिल बनाया है। वहीं डॉ. संजय खरे ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को निश्चित कर सही रणनीति बनाकर सफलता प्राप्त करने में मार्गदर्शक साबित होगी। कार्यशाला को समन्वयक डॉ. आंनद तिवारी, डॉ. अंशु सोनी, डॉ. केके राव ने भी संबोधित किया। डॉ. सुनीता त्रिपाठी ने कहा कि छात्राओं के कैरियर निर्धारण में यह कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी। इस दौरान डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. एमएम चौकसे, डॉ. प्रतिमा खरे, डॉ. एएच अंसारी, डॉ. रजनी दुबे, डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. निशा इंद्र गुरू, डॉ. रश्मि मलैया, डॉ. अनुभा शर्मा, डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ. रश्मि माथुर सहित पूरा महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा। आभार डॉ. दीपा खटीक ने माना।

## अपनी कमियों को खोजो और उनका सामना करो

नवभारत न्यूज

**सागर 21 दिसंबर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि छात्राएँ इस कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त कर सकती हैं.**



उन्होंने ने कहा कि अपनी कमियों को खोजों और उनका सामना करों. कार्यशाला में वक्ता सचिन चौरसिया ने प्रतिभागियों को बैंकिंग, रेलवे, एस.एस.सी. परीक्षाओं की विस्तृत जानकारी दी. अध्यक्षता कर रहीं डॉ. सुनीता त्रिपाठी ने कहा कि कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन से हमारी छात्राएँ निश्चित रूप से लाभांवित होंगी. संचालन सचिव लेफ्निेंट डॉ. अंशु सोनी ने किया. आभार कार्यशाला सह-समन्वयक डॉ. संजय खरे ने माना.

कार्यशाला में डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. अपर्णा चाचौंदिया, डॉ. पहलाद अहिरवार, डॉ. सीमा रैकवार, डॉ. पूनम कोहली, डॉ. निक्की बांगर, डॉ. राखी खटीक, पुष्पेंद्र पाण्डेय, अक्षय दुबे, अपूर्व दुबे, श्रीमति प्रीति गौतम उपस्थित रहीं.

किचनरोड निरीक्षण

## अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहें : द्विवेदी

सागर, आचरण संवाददाता।



शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ट महाविद्यालय सागर में ''प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी: चुनौतियां एवं समाधान'' विषय पर आयोजित हो रही। दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के चौथे दिवस के प्रथम सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. आर.सी. प्रजापति ने यू.पी.एस.सी एवं एम.पी.पी. एस.सी के सिलेबस को विस्तार पूर्वक समझाते हुए कहा कि सर्वप्रथम रणनीति तैयार करें फिर पढ़ाई शुरू करें, एवं अपडेट रहे तभी लक्ष्य की प्राप्ति होगी।

रेवा ओजस एकेडमी से ऑनलाइन जुड़े प्रभाकर द्विवेदी ने यू.पी.एस.सी परीक्षाओं की तैयारी पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार रहें, नियमित रहे असफलताओं से सीखे और निरंतर आगें बढ़ते रहे। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. मनीष जैन ने कहा आपका दिमाग अनंत टेराबाइट्स है जितना चलाओगे उतना चलायमान रहेगा। इन्होंने सी.एस.आई.आर, यू.जी.सी. नेट, एम.पी. सेट की जानकारी देते हुए विभिन्न फैलोशिप के बारे में बताया महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि नियमित रूप से कक्षा में उपस्थित होकर अपने शिक्षक से विषय पर चर्चा करें इससे अपका ज्ञान विस्तृत होगा।

अध्यक्षता कर रही डॉ. सुनीता त्रिपाठी ने कहा कि आपके कैरियर की तैयारी के लिए मार्गदर्शकों द्वारा जो मार्गदर्शन दिया जा रहा है उस पर चलें आप निश्चित रूप से लाभान्वित होंगे। संचालन कर रही कार्यशाला आयोजन सचिव डॉ. अंशु सोनी ने कहा कि अवसर उसी को मिलता है जिसमें काबिलियत होती है यह कार्यशाला आपकी इन्ही खुबियों को निखारने के लिये आयोजित की जा रही है। अंत में आभार कार्यशाला सह समन्वयक डॉ. संजय खरे ने माना।

कार्यशाला में लगभग 300 छात्राओं ने ... प्रतियोगी परीक्षा संबंधी अपनी आशंकाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यशाला में डॉ. अंजना चतुर्वेदी, डॉ. रश्मि दुबे. प्रासुक जैन डॉ. अपर्णा चाचोंदिया, डॉ. हरिओम सोनी, डॉ. प्रहलाद अहिरवार, डॉ. पूनम कोहली, डॉ. सीमा रैकवार, डॉ. निक्की बांगर, डॉ. राखी खटीक, मार्तण्ड सिंह राजपूत, अजय सेन सहित महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ

सागर, आचरण संवाददाता।

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर में म.प्र. उच्च शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन परियोजना अंतर्गत ''प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी : चुनौतियाँ एवं समाधान'' विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 20.12.2022 से 26.12.2022 तक का शुभारंभ आयुक्त, चंद्रशेखर शुक्ला, नगर निगम, सागर के मुख्य आतिथ्य एवं कमलेश मनरेगे, प्रबंधक, जिला उद्योग के विशिष्ट आतिथ्य में माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। डॉ. प्रेम चतुर्वेदी के निर्देशन में संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुती की गई। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव लेफ्टीनेंट डॉ. अंशु सोनी ने करते हुए कहा कि बड़ी कामयाबी पाने के लिए छोटे-छोटे बदलाव करना चाहिए। कार्यशाला समन्वयक डॉ. आंनद तिवारी ने अपने स्वागत उद्बोधन देते हुएं कहा कि हमारे आमंत्रित अतिथि छात्राओं के व्यक्तित्व विकास में पथ-प्रदर्शक की भूमिका निभाएँगे। कार्यशाला की रूपरेखा एवं उद्देश्य प्रस्तुत करते हुए सह-समन्वयक डॉ. संजय खरे ने कहा कि यह कार्यशाला विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य को निश्चित कर सही रणनीति बनाकर सफलता प्राप्त करने में मार्गदर्शक होगी। विशिष्ट अतिथि कमलेश मनरेगे ने प्रतिभागियों को सफलता के लिए तीन डी (ड्यूटी, डेडीकेशन एवं डिसीप्लिन) का अनुसरण करने का परामर्श देते हुए कहा कि छात्र पुस्तकालय में जाने की आदत डालें, ग्रुप डिस्कशन करें, इससे उन्हें सही जानकारी प्राप्त होगी। इसके पश्चात् मुख्य अतिथि आयुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने प्रतिभागियों को यू.पी.एस.सी. की तैयारी की विस्तृत जानकारी दी।

एन.सी.आर.टी. जैसी अच्छी किताबों को पढ़ने एवं नोट्स बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा एक औसत दर्जे का विद्यार्थी भी अपनी लगन, आत्मविश्वास एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि सौभाग्य उसी को मिलता है जिसने अपने आपको उसके काबिल बनाया है, यह कार्यशाला छात्राओं को अपना भविष्य का लक्ष्य निर्धारित करने एवं आशंकाओं को दूर करने में मील का पत्थर साबित होगी। द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. के.के. राव ने कहा कि संकल्प में कोई भी विकल्प नहीं होना चाहिए।

सकारात्मक सोच से निरन्तर बढ़ते रहे तो सफलता निश्चित मिलती है। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता कर रही डॉ. सुनीता त्रिपाठी ने कहा कि छात्राओं के कैरियर निर्धारण में यह कार्यशाला उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यशाला के अंत में उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार डॉ. दीपा खटीक ने माना। कार्यशाला में लगभग तीन सौ छात्राओं ने पंजीयन कराते हुए अपनी सहभागिता की एवं विषय विशेषज्ञों से अपनी मन की आशंकाओं का निराकरण किया।



# प्रबंधन ही व्यवसाय की समस्याओं का समाधान

सागर. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी चुनौतियाँ एवं समाधान विषय पर सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में डॉ. असफाक सिद्दीकी ने कहा कि नए व्यवसाय के लिए एक निश्चित नीति, समय प्रबंधन एवं व्यवहारिक कार्य क्षमता होना आवश्यक है. आलोक सिंह ठाकुर ने शासकीय क्षेत्र में रोजगार के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी. प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि जो किताबी ज्ञान है उसे महज ज्ञान न समझें, वरन् उसे अपने जीवन में उतारें. डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने कहा कि रटकर, समझकर एवं अभ्यास करके ही आगे बढ़ सकते हैं. सह-समन्वयक डॉ. संजय खरे ने संचालन किया. आभार सचिव डॉ. अंशु सोनी ने माना.

# सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

सागर, आचरण संवाददाता।

शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर म.प्र. में 20.12.2022 से प्रारंभ हुई ''प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी- चुनौतियाँ एवं समाधान'' विषय पर आधारित सात दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिवस में समापन समारोह का आयोजन के.पी. सिंह, नगर पुलिस अधिक्षक के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ. इला तिवारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला के समन्वयक डॉ. आनंद तिवारी ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह कार्यशाला छात्रों का मार्गदर्शन देने के अपने लक्ष्य में सार्थक हुई है। आयोजन सचिव ले.डॉ. अंशु सोनी ने इस सात दिवसीय कार्यशाला का संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए छात्राओं से कहा कि आपने इन सात दिवसों में विषय-विशेषज्ञों से जो सीखा है, उसे आत्मसात् करें और लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ें। मुख्य अतिथि के.पी. सिंह ने उद्बोधन में छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रत्येक समस्या का समाधान खुद व्यक्ति के पास होता है, जैसे ही हम समस्या के पास जाते हैं, समस्या का समाधान स्वतः ही हो जाता है। प्रतियोगिता से डरें नहीं, उसका सामना करें। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि प्राशुक जैन ने कहा कि डिज़ायर पर सृष्टि नहीं चलती, सृष्टि चलती है डिज़र्विंग से, इसलिए मेहनत पर विश्वास करो। प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि यह कार्यशाला एक शुरूआत है, जो छात्रों के लक्ष्य निर्धारण में मार्गदर्शक होगी। भविष्य में भी महाविद्यालय में इस प्रकार के प्रयास जारी रहेंगे। कार्यशाला का कुशल संचालन डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने करते हुए कहा कि पढ़कर, लिखकर एवं समझकर अध्ययन करने से लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता मिलती है। अंत में आभार व्यक्त करते हुए सह-समन्वयक डॉ. संजय खरे ने कहा कि इस कार्यशाला से प्रेरित होकर यदि एक छात्रा भी सफल होती है, तो यह कार्यशाला सार्थक होगी।

आपने कहा कि जिसके पास विश्वास है, वह कभी नहीं हारता। कार्यशाल के समापन पर उपस्थित अतिथियों के मार्गदर्शन में छात्राओं द्वारा 'युवा-नीति जागरूकता' हेतु रैली निकाली गई। इस अवसर पर लगभग 300 प्रतिभागी छात्राएँ एवं डॉ. सुनीता त्रिपाठी, डॉ. रश्मि दुबे, डॉ. आर.सी. प्रजापति, अनुराग चौरसिया, डॉ. अपर्णा चाचैंदिया, डॉ. हरिओम सोनी, डॉ. निकी बांगर, डॉ. पुनम कोहली, कु. शुभांजलि रैकवार, कु. राखी खटीक, कृष्णाकांत, तेजस कटारे, अक्षय दुबे, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, मार्तण्ड सिंह, अपूर्व दुबे, संजय सेन, सुनील रैकवार उपस्थित थे।





# *Annual Prize Distribution Ceremony*






# STATE LEVEL WRESTLING COMPETITION








# District Level Women Chess Competition






## FOOTBALL GIRLS TEAM



## VOLLEYBALL GIRLS TEAM





